# ओरिएंटल इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी के अधीन राष्ट्रीय राजमार्ग रो रहा बदहाली के आंसू

## भ्रष्टाचार के पेंचवर्क से राख की तरह उड़ रहा सीमेंट, जीरो विजिबिलिटी में रेंगने को मजबूर वाहन



(इरशाद खान) मक्सी, 14 फरवरी. एनएच 52 पर ओरिएंटल कंपनी द्वारा करीब 3600 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित देवास-ब्यावरा सीसी फोरलेन सड़क कुछ ही वर्षों में बदहाली का शिकार होने लगी है. राष्ट्रीय राजमार्ग की देखरेख करने वाली कंपनी द्वारा किए जा रहे मरम्मत कार्य पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं. जगह-जगह सड़क में दरारें उभर आई हैं, कई स्थानों पर रोड साइड से दब रहा है, जबकि पुलियाओं पर गुजरते समय वाहन चालकों को तेज झटकों का सामना करना पड़ रहा है.

देवास से ब्यावरा तक लगभग हर पांच दस किलोमीटर पर पेंचवर्क का कार्य होता रहता है. लेकिन मरम्मत के नाम पर घटिया सामग्री उपयोग होने के आरोप लग रहे हैं, पेंचवर्क के बाद सड़क पर बिछाया गया सीमेंट राख की तरह उड़ता नजर आ रहा है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

**नदारद अधिकारी, टोल वसूली जारी**

हैरानी की बात यह है कि करोड़ों रुपये टोल के रूप में वसूलने वाली कंपनी न तो दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में चेतावनी संकेत लगा रही है और न ही किसी प्रकार के सुरक्षा इंतजाम कर रही है. जिम्मेदार अधिकारियों की मौजूदगी भी मौके पर नजर नहीं आती.



**जनता में आक्रोश**

लोगों और वाहन चालकों में सड़क की गुणवत्ता को लेकर आक्रोश बढ़ता जा रहा है, करोड़ों की लागत से बनी सड़क की यह स्थिति निर्माण कार्य की गुणवत्ता और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा रही है.

### वाहन चालकों पर दोहरी मार...

खराब सड़क के कारण भारी वाहनों को लगातार झटके लग रहे हैं, जिससे वाहनों में बार-बार खराबी आ जाती है, महंगा टोल चुकाने के बावजूद वाहन चालक मरम्मत पर अतिरिक्त खर्च करने को मजबूर हैं.

### जीरो विजिबिलिटी में रेंगते वाहन...

मरम्मत क्षेत्र में प्रवेश करते ही तेज रफ्तार वाहन अचानक रेंगने लगते हैं, उड़ती धूल और सीमेंट के कारण जीरो विजिबिलिटी की स्थिति बन रही है. वाहन चालक एक दूसरे को सतर्क करते हुए धीरे-धीरे आगे बढ़ने को मजबूर हैं. आलरी ओवरब्रिज पर हालात और भी गंभीर नजर आए, जहां कई लोग अपनी सूझबूझ से दुर्घटना से बचे.

## एक नजर में

### नहर में गिरा लोडिंग वाहन, ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान



शाजापुर, 14 फरवरी. काशी नगर रोड पर गुरूवार को बड़ा हादसा होते-होते टल गया. यहां एक लोडिंग ऑटो अचानक बेकाबू होकर नहर में जा गिरा. गनीमत यह रही कि जैसे ही आटो का संतुलन बिगड़ा, ड्राइवर ने सूझबूझ दिखाते हुए नीचे छलांग लगा दीए जिससे उसकी जान बच गई. नहीं तो उसकी जान भी जा सकती थी. इस हादसे की वजह से सड़क पर सामान भी बिखर गया. ऑटो ड्राइवर ने बताया कि वह दुपाड़ा से फेंसिंग तार लेकर शाजापुर आ रहा था. काशी नगर रोड पर वाहन को रिवर्स करते समय उसका संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे नहर में उतर गया. हादसे के बाद ऑटो में लदा सारा सामान सड़क पर फैल गया और वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई. इस हादसे ने प्रशासन की लापरवाही की पोल खोल दी है. वार्ड पार्षद मुकेश दुबे ने बताया कि सड़क की हालत बहुत खराब है जिसकी शिकायत उन्होंने पहले भी नगर पालिका के बड़े अधिकारियों से की थी. उनका कहना है कि सड़क मरम्मत का काम जिस ठेकेदार को दिया गया है उसने टेंडर मिलने के कई महीनों बाद भी काम शुरू नहीं किया. पार्षद ने शिकायत में नहर की पुलिया और काशी विश्वनाथ मंदिर जैसे 8 खास रास्तों को 3 दिन के अंदर ठीक करने को कहा था, काम न होने पर उन्होंने ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है. स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर वक्त रहते गड्ढे नहीं भरे गएए तो आगे भी ऐसे हादसे हो सकते हैं.

### घर से चोरी करती पकड़ाई 4 महिलाएं



शाजापुर, 14 फरवरी. जिले के ग्राम कुड़ाना में शुक्रवार को एक घर में चोरी करते हुए चार महिलाओं को ग्रामीणों ने पकड़ लिया, ग्रामीणों ने उनके पास से चोरी के आभूषण और नकदी बरामद की, इस पूरी घटना का एक वीडियो शनिवार को सामने आया है, जिसमें ग्रामीण महिलाओं से पूछताछ करते हुए चोरी का सामान बरामद किया. चोरों ने घर से लगभग एक किलोग्राम चांदी और 5 हजार रुपए नकद चुराए थे. ग्रामीणों ने महिलाओं को पकड़ने के बाद उनसे चोरी का सामान वापस ले लिया. वीडियो में यह पूरी घटना कैद हुई है. हालांकि मामले में फरियादी की ओर से अभी तक पुलिस में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है. ग्रामीणों ने महिलाओं को माफी मांगे जाने के बाद छोड़ दिया था. वीडियो सामने आने के बाद अब पुलिस इस मामले की जांच की बात कह रही है. गुलाना चौकी प्रभारी घनश्याम दास बैरागी ने बताया कि वीडियो के जरिए चोरी की घटना की जानकारी मिली है. पुलिस फरियादी की तलाश कर चोरी करने वाली महिलाओं के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.

### 3 साल से फरार था 5 हजार इनामी वारंटी पकड़ाया



शाजापुर, 14 फरवरी. सुनेरा पुलिस ने तीन साल से फरार चल रहे एक स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया है, आरोपी पर 5 हजार रुपए का इनाम घोषित था, गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान भूरिया पिता कादर खां 37 निवासी ग्राम मुल्तानपुरा थाना वायडीनगर जिला मंदसौर के रूप में हुई है, थाना प्रभारी अंकित मुकाती ने बताया कि भूरिया के खिलाफ गौवंश परिवहन से संबंधित एक मामला दर्ज था. वह इस मामले में लंबे समय से फरार चल रहा था. पुलिस उसकी लगातार तलाश कर रही थी और संभावित ठिकानों पर नजर रखी जा रही थी. पुख्ता सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने मंदसौर जिले से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार आरोपी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय में पेश किया गया. पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर जिलेभर में फरार स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है. यह गिरफ्तारी इसी अभियान के तहत की गई है. पुलिस ने बताया कि फरार आरोपियों के खिलाफ आगे भी सख्त अभियान जारी रहेगा.

# निकलेगी भूतों की टोली और ब्रज की रासलीला का मंचन होगा

## महाशिवरात्रि पर निकलेगी शिव बारात, जटाशंकर में दो दिवसीय मेला प्रारंभ

**शुजालपुर, 14 फरवरी. महाशिवरात्रि पर्व रविवार को उत्साह के साथ मनाया जाएगा. इस पर्व के चलते जहां शिवालयों में विशेष पूजा अर्चना होगी वहीं सिटी व मंडी क्षेत्र में शिव बारात का आयोजन भी किया जाएगा. इस पर्व को लेकर नगर के प्रमुख मार्गों को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है.**

शहर स्थित जटाशंकर महादेव मंदिर, राणोगंज, अरनियाकलां के समीप स्थित भोले डूंगरी पर भगवान महाकाल की पूजा अर्चना के लिए भक्तों का जन सैलाब उमडेगा. मंडी क्षेत्र में शिव बारात का शुभारंभ प्रातः 10 बजे से खेडापति हनुमान मंदिर से प्रारंभ होगा. इस शोभा यात्रा में भूत पिसाच के रूप में नागरिक शामिल होगे. शिव भक्त मंडल हनुमान व्यायाम शाला द्वारा यह आयोजन विगत कई वर्षो से किया जा रहा है. जिसमें भूतों की टोली के साथ पालकी में बिराजे भगवान महाकाल नगर का भ्रमण करेगें. साथ ही बरसाने की होली, मथूरा का रास, शिव तांडव, ब्रज की फूल भरी होली की प्रस्तुति के साथ ही भूतों की टोली का नृत्य भी होगी. इसी प्रकार 12 ज्योर्तिलिंग की झांकी, भगवान आदिनाथ की प्रतिमा एवं भगवान शिव की झांकी के साथ चल समारोह निकलेगा. यह शोभायात्रा राम मंदिर,लोहिया मार्ग,रोकडिया हनुमान मंदिर,टेम्पों चौराह,एमजी रोड,बस स्टेंड होते हुए दिगम्बर जैन मंदिर रोड से पार्वती मंदिर पहुंचेगी. जहां पर शिव पार्वती विवाह के बाद प्रसादी वितरण कार्यक्रम होगा. शिव बारात का स्वागत मंडी पोस्ट ऑफिस स्थित शिव मंदिर परिसर में अल्पाहर से किया जाएगा. इसी प्रकार अन्य स्थानों पर भी फरियाली की स्टॉले लगाकर बारात का स्वागत होगा. इस आयोजन को लेकर नगर में तैयारी जोरों पर है और शोभायात्रा मार्ग को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है.

**भोलेनाथ को लगाई हल्दी, मेहंदी**

मंडी क्षेत्र स्थित पोस्ट ऑफिस परिसर में स्थित नीमेश्वर महादेव मंदिर पर भी महाशिवरात्रि पर्व महोत्सव मनाया जा रहा है. यहां पर भगवान भोलेनाथ की विवाह की रस्में महिलाओं द्वारा की जा रही है.



मेले का शुभारंभ करते नपा अध्यक्ष व समिति अध्यक्ष

शनिवार को मंदिर परिसर में स्थित भोलेनाथ जी की प्रतिमा के समक्ष हल्दी व मेहंदी लगाकर महिलाओं ने भजनों की प्रस्तुति दी. साथ ही महिलाओं ने एक दूसरे को हल्दी लगाई. इस पर्व के चलते मंदिर परिसर में आकर्षक साज सज्जा की गई. इसी प्रकार ब्रजनगर कॉलोनी स्थित महादेव मंदिर में भी हल्दी रस्म महिलाओं ने भजनों की प्रस्तुति के बीच करते हुए भक्ति भाव में नृत्य किए.

### दो दिवसीय मेले का किया शुभारंभ...

नगर स्थित सिद्ध क्षेत्र श्रीजटाशंकर महादेव मंदिर पर दो दिवसीय मेले का आयोजन मंदिर समिति द्वारा किया जा रहा है. इस मेले का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नगर पालिका अध्यक्ष बबीता परमार, मंदिर समिति अध्यक्ष हेमंत सक्सेना सहित अन्य प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में हुआ. दो दिवसीय इस मेले में जटाशंकर महादेव मंदिर परिसर में मनोरंजक झुलों के साथ अन्य स्टॉले लगाई जाएगी. साथ ही मंदिर में चल रहे पांच दिवसीय शिव शक्ति महायज्ञ का समापन भी पूर्णाहूति के साथ शाम को होगा. जटाशंकर मंदिर में जारी विवाह महोत्सव के तहत शनिवार को शिव शक्ति मंगल परिणय बंधन एवं छप्पन भोग का आयोजन हुआ, शिव विवाह महोत्सव रविवार की शाम 6 .30 बजे होगा. रविवार को जटाशंकर पर खिचडी प्रसाद वितरण व दूध ठंडाई भी वितरित की जाएगी.

## दुल्हा बन महादेव ने गणों के साथ किया नगर भ्रमण

**शाजापुर, 14 फरवरी.** पिछले पांच दिनों से चल रहे शिव विवाह आयोजन का आज मुख्य दिन रहेगा, जब महादेव और माता शक्ति विवाह बंधन में बंधेंगे. शिव और शक्ति के मिलन का साक्षी पूरा नगर बनेगा और यह आयोजन होगा धानमंडी स्थित ओंकरेश्वर महादेव मंदिर में. जहां से शनिवार को शिव बारात निकली, जिसमें भक्त नाचते गाते शामिल हुए. नगर में निकली शिव बारात में घोड़े, बग्गी भी शामिल हुए, जिन्होंने शिव बारात की शोभा बढ़ाई और शिव बारात का नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत भी किया.

### न्यायालय चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड शाजापुर जिला शाजापुर

**(श्रीमती प्रेमलता जितेन्द्र गोयल)**

आवेदन पत्र अतंर्गत धारा 372
भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम
सक्सेंशन प्रकरण क्रमांक-
RCSA/000090/2025

**श्रीमती रेखा पति स्व.श्री अमृतलाल वर्मा (मीणा)**...आवेदिका

**विरूद्ध**

**सर्वसाधारण व अन्य...अनावेदक**

PROCOSS ID-/198/2026
पेशी दिनांक-

**प्रेषिति-**

01-सर्वसाधारण पता :- सर्वसाधारण

02-आम जनता

आम जनता/ सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रेखा पत्नि श्री अमृतलाल वर्मा (मीणा) आयु 59 वर्ष निवासी स्टेशन रोड़, नहर की पुलिया के पास वार्ड क्रमांक 29 शाजापुर जिला शाजापुर ने प्रकरण क्रमांक RCSA/000090/2025 प्रस्तुत किया है, जिसमें आवेदिका के पति स्व. अमृतलाल जी वर्मा कि मृत्यु दिनांक 30-07-2024 को हो गई है. तथा उनकी मृत्यु पश्चात श्रीमती रेखा पति अमृतलाल वर्मा (मीणा) द्वारा उनका उत्तराधिकारी श्रीमती रेखा वर्मा (मीणा) घोषित होने के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है. उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी कोई आपत्ति हो तो उक्त प्रकरण में आगामी दिनांक 16-03-2026 नियत की गई है.

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण के संबंध में आवेदिका के मृतक अमृतलाल वर्मा (मीणा) के उत्तराधिकारी होने के संबंध में प्रमाण पत्र जारी किए जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 16-03-2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थि रहे, सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण तद्नुसार किया जावेगा.

आज दिनांक 14-02-26 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है.

**कृपया ध्यान दे-**

01. यदि किसी कारण वश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा.

**न्यायालयः की मुद्रा**

**टिप्पणीः-**

**न्यायाधीश**
**श्रीमती प्रेमलता जितेन्द्र गोयल**
**चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड शाजापुर**

# हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास, 5 हजार का अर्थदंड

## तहसील के जमादार कुम्भकार की लेनदेन को लेकर की थी हत्या





**शुजालपुर, 14 फरवरी. जिला एवं सत्र न्यायालय शाजापुर ने हत्या के एक चर्चित मामले में आरोपी केलाश राजाराम बरबंदिया 46 वर्ष निवासी पिपलिया थाना शुजालपुर सिटी को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. न्यायालय ने आरोपी पर 5 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है, वहीं साक्ष्य मिटाने के प्रयास धारा 201 भादवि में 5 वर्ष के कठोर कारावास एवं 1 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है.**

अभियोजन के अनुसार 20 अक्टूबर 2022 को सिटी निवासी व्यक्ति की गुमशुदगी शुजालपुर सिटी थाने में दर्ज कराई गई थी. परिजनों ने बताया था कि युवक घर से खेत जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा, पुलिस ने जांच के दौरान संदेह के आधार पर आरोपी से पूछताछ की.

जांच में सामने आया कि आरोपी ने युवक की हत्या कर शव को ठिकाने लगाने का प्रयास किया. खेत क्षेत्र में झाड़ियों के बीच से शव बरामद हुआ, जिसे कपड़े और प्लास्टिक में लपेटा गया था. मृतक के सिर व शरीर पर धारदार हथियार से चोट के निशान पाए गए. मामले में पुलिस ने धारा 302 व 201 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना पूरी कर चालान न्यायालय में पेश किया. प्रकरण में अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी संजय मोरे ने पैरवी की. न्यायालय ने अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों एवं गवाहों के बयानों को विश्वसनीय मानते हुए आरोपी को दोषसिद्ध कर दंडित किया.

**तहसील में पदस्थ थे मृतक**

तहसील कार्यालय शुजालपुर में जमादार के पद से सेवानिवृत्त हुए शुजालपुर सिटी निवासी जीतमल कुम्भकार का शव पॉलीथिन में लिपटा हुआ मिला था, मृतक घटना स्थल वाले क्षेत्र में अपने उधारी के रुपए लेने के लिए गए थे. बताया जाता है कि इसी के चलते आरोपी ने हत्या की थी.

# समग्र कल्याण शिविर में आयुर्वेद का संदेश





**शुजालपुर, 14 फरवरी. आयुष विभाग के तत्वावधान में घर संसार वृद्धाश्रम में समग्र कल्याण शिविर आयोजित किया गया. शिविर का आयोजन जिला आयुष अधिकारी डॉ. गिरिजा बामने के निर्देशन में हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लेकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया.**

शिविर में वृद्धजनों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य से जुड़े पहलुओं पर विशेषज्ञों ने विस्तार से जानकारी दी. कुल 65 वृद्धजनों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें औषधियां वितरित की गईं. चिकित्सकों ने वृद्धावस्था में संतुलित आहार विहार, नियमित दिनचर्या और योग के महत्व पर विशेष मार्गदर्शन दिया. साथ ही आयु के अनुरूप सुरक्षित एवं उपयोगी योग प्रोटोकॉल की जानकारी भी साझा की गई. आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी के रूप में डॉ. जान्हवी मिश्रा और डॉ. श्यामसुंदर परमार ने सेवाएं दीं. पैरामेडिकल स्टाफ में शिवनारायण नाविक, श्यामसुंदर मुकाती और रति भाटेरिया उपस्थित रहे. योग प्रशिक्षक एवं सहायक के रूप में देवेंद्र परमार, रोहित जावरिया और अजय राठौर ने सहयोग प्रदान किया.

## एक नजर में — मक्सी व्यापारी महासंघ की बैठक में विभिन्न निर्णय लिए

# मक्सी के व्यापारी सोमवार को रखेंगे प्रतिष्ठान बंद

**मक्सी, 14 फरवरी. शुक्रवार को मक्सी व्यापारी महासंघ की बैठक स्थानीय पाटीदार धर्मशाला में सम्पन्न हुई, जिसमें मक्सी-कनासिया नाका ओर गोलवा के व्यापारी शामिल हुए. इस दौरान सभी व्यापारियों से चर्चा की गई. व्यापारियों ने अपनी समस्याएं भी साझा की, वहीं महासंघ के आव्हान पर सभी व्यापारी बंधुओं ने एकमत होकर सोमवार अवकाश को लेकर स्वैच्छा से समर्थन दिया व निर्णय लिया कि 16 फरवरी से आगामी तीन माह तक सभी व्यापारी प्रत्येक सोमवार को अपना प्रतिष्ठान बंद रखेंगे. तीन माह पश्चात पुनः महासंघ की बैठक होगी, जिसमें बंद सहित अन्य मुद्दों पर निर्णय लिया जाएगा.**



वर्तमान में इलेक्ट्रिकल्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी, मोबाइल रिपेयरिंग व विक्रेता, कृषि व अन्य हार्डवेयर, बिल्डिंग मटेरियल, सैनिटरी एंड टाइल, स्टील फेब्रिकेशन, एल्यूमीनियम फेब्रिकेशन वर्क, बैटरी एवं स्पेयर पाट्र्स विक्रेता, रिपेयरिंग वर्कशॉप, पेंट्स विक्रेता सहित ट्रांसपोर्ट को इसमें शामिल किया गया है, अन्य विक्रेता जैसे कपड़ा, जूता चप्पल, स्टेशनरी, किराना व्यवसाय सहित अन्य प्रतिष्ठानों को आगामी दिनों में शामिल किया जा सकता है.

### अवकाश का यह है उद्देश्य...

बता दें कि बैठक के दौरान व्यापारियों ने बताया कि अत्यधिक काम के दबाव में व्यापारी वर्ग लगातार तनाव का सामना कर रहा है, जिससे स्वास्थ्य संबंधित कई समस्याएं उत्पन्न हो रही है. लगातार दुकान संचालन से अन्य परिवारिक कार्य और सामाजिक कार्य समय से पूर्ण नहीं हो पा रहे हैं, वहीं एक दिन के अवकाश से कार्य करने में सक्रियता बढ़ेगी, मानसिक तनाव से मुक्ति और नई चेतना के साथ कार्य करने में मदद मिलेगी. कार्यक्रम के पश्चात सभी व्यापारियों ने साथ में भोजन किया व व्यापारिक चर्चा की.